राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश,
अनुभाग–3, त0ना0त0, लखनऊ।
संख्या: 71 /3–त0ना0त0–35 एन0टी0/2021
दिनांक: 6 जनवरी, 2022

## आदेश/नियुक्ति

लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2019 के आधार पर नायब तहसीलदार पद हेतु चयनित निम्न तालिका में अंकित अभ्यर्थियों को मा0 अध्यक्ष, राजस्व परिषद, उ0प्र0, एतद्द्वारा उत्तर प्रदेश अधीनस्थ राजस्व कार्यपालक (नायब तहसीलदार) सेवा नियमावली–2003 यथासंशोधित 2014 के नियम–20 (1) के अन्तर्गत नायब तहसीलदार के पद पर वेतन बैण्ड–2, वेतनमान रूपया 9300–34800, ग्रेड पे रूपया–4200/– (सातवें वेतन आयोग में पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स के लेवल–6 में वेतन रू0 35400–112400) में नियुक्ति प्रदान करते हुए, उनके नाम के सम्मुख तालिका के **स्तम्भ–6** में अंकित जनपद में तैनात किये जाने के आदेश प्रदान करते हैं:–

| कम सं0 | रैंक | नाम (सर्वश्री/सुश्री/श्रीमती) | पिता/पति का नाम (सर्व श्री) | स्थायी पता | तैनाती जनपद |
|---|---|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* |
| 1. | **18** | विजय प्रकाश तिवारी | वेद प्रकाश तिवारी | म0सं0–201, गोपाल मेन्सन, निकट पानी की टंकी, रामगोपाल विद्युत मार्ग, जनपद लखनऊ, उ0प्र0, 226019। | **फतेहपुर** |
| 2. | **22** | रिद्धि यादव | उदय भान यादव | म0सं0–15/20, हासिमपुर रोड, जनपद प्रयागराज, उ0प्र, 0211002 । | **गौतमबुद्धनगर** |
| 3. | **36** | दिव्यांश मोहन | शशि मोहन शर्मा | म0सं0–सी–147, सेक्टर डी एल0डी0ए0 कालोनी, जनपद लखनऊ, उ0प्र0 226012। | **उन्नाव** |
| 4. | **47** | श्याम नारायण तिवारी | देवेन्द्र कुमार तिवारी | म0सं0–124, जगदीश पट्टी कचहरी स्टेशन, लाइन बाजार सदर, जनपद जौनपुर, उ0प्र0 222002। | **वाराणसी** |
| 5. | **52** | प्रज्ञा सिंह | विनोद कुमार सिंह | पाण्डेयपुर, सदर जनपद मीरजापुर उ0प्र0 231001। | **गौतमबुद्धनगर** |
| 6. | **88** | अभिषेक कुमार | हरी लाल मौर्या | म0सं0–79 बेला कांटा, जनपद गोरखपुर, उ0प्र0 273152। | **कुशीनगर** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7. | 97 | हरीश कुमार यादव | तेज बहादुर यादव | म0सं0–104, पटेल नगर पश्चिम, बरहज, जनपद देवरिया उ0प्र0 274601। | **गोरखपुर** |
| 8. | 101 | महेन्द्र सिंह | संतोष कुमार सिंह | ग्राम व पोस्ट नीमटीकर, बछरावाँ, जनपद रायबरेली, उ0प्र0, 229301। | **सीतापुर** |
| 9. | 113 | अमित कुमार चौधरी | सुरेश प्रसाद | प्रज्ञा नगर कालोनी, पो0–न्यू शिवपुरी कालानी, रानीबाग रूस्तमपुर जनपद गोरखपुर, उ0प्र0 273016। | **देवरिया** |
| 10. | 145 | विशाल शाह | प्रभुनाथ शाह | ग्राम भीमपुरवा, पो0–भठवा तिवारी, तहसील भाटपार रानी, जनपद देवरिया, उ0प्र0, 274702। | **आजमगढ़** |
| 11. | 147 | गौरव शाह | लक्ष्मीकान्त | म0सं0–1411, वार्ड नं0–13, महाराणा प्रताप कालोनी (भुजौली कालोनी) थाना देवरिया जनपद देवरिया उ0प्र0, 274001। | **मऊ** |

2– उपर्युक्त अभ्यर्थियों की नायब तहसीलदार पद पर नियुक्ति निम्नलिखित शर्तो/उपबन्धों के अधीन होगी:–

(क) नव नियुक्त अभ्यर्थी नायब तहसीलदार सेवा नियमावली–2003 के नियम–21 के अधीन यथा उल्लिखित तैनाती जनपद में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर रहेंगे।

(ख) नव नियुक्त अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ राजस्व कार्यपालक (नायब तहसीलदार) सेवा नियमावली–2003 (यथासंशोधित) के नियम–18 में विहित प्राविधान के अनुसार नियुक्ति के पश्चात् साढ़े चार माह का विहित प्रशिक्षण प्राप्त कर अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। उक्त प्रशिक्षण प्राप्त कर अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण किये बिना उनसे न्यायिक कार्य नहीं लिया जायेगा। प्रशिक्षण हेतु निर्देश पृथक् से निर्गत किया जायेगा।

(ग) अभ्यर्थियों की ज्येष्ठता नायब तहसीलदार संवर्ग में उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली–1991 (अद्यावधिक संशोधन सहित) के सुसंगत नियमों के अनुसार आयोग द्वारा तैयार की गयी श्रेष्ठता सूची के आधार पर बाद में निर्धारित की जायेगी किन्तु यदि अभ्यर्थी विधिमान्य कारणों के बिना कार्यभार ग्रहण करने में विफल रहता है, तो वह अपनी ज्येष्ठता को खो देगा तथा उसकी संशोधित ज्येष्ठता कार्यभार ग्रहण करने की तिथि के अनुरूप निर्धारित की जायेगी।

(घ) **नव नियुक्त अभ्यर्थियों को दो सप्ताह के भीतर कार्यभार ग्रहण करना अनिवार्य होगा अन्यथा उनके अभ्यर्थन निरस्तीकरण पर नियमानुसार विचार किया जा सकता है।**

(ङ) नव नियुक्त नायब तहसीलदार को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ राजस्व कार्यपालक (नायब तहसीलदार) सेवा नियमावली 2003 में प्राविधानित विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करना होगा।

(च) नव नियुक्त अभ्यर्थियों का यह नियुक्ति आदेश 'औपबन्धिक नियुक्ति आदेश' है, जो कि शासनादेश संख्या–04/2021/1/4/2011–का–2021, दिनांक 29–04–2021 में वर्णित प्राविधानों के क्रम में अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत स्व–सत्यापन या घोषणा–पत्र के आधार पर किया जा रहा है । अतः यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि अभ्यर्थी का चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापित नहीं होता है या अभ्यर्थी द्वारा अपने स्व–सत्यापन या घोषणा–पत्र में गलत सूचना दी गई है तो औपबन्धिक नियुक्ति पत्र तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा और परिणामस्वरूप अन्य आपराधिक/विधिक कार्यवाही भी की जायेगी।

राजस्व परिषद के आदेश से,

ह0/–

(मनीषा त्रिघाटिया)
आयुक्त एवं सचिव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– संबंधित जिलाधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि अपने जनपद से सम्बन्धित नायब तहसीलदार के कार्यभार ग्रहण करने की सूचना अविलम्ब परिषद को उपलब्ध कराने के साथ ही उपरोक्त **प्रस्तर–2** में दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

2– अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन, राजस्व अनुभाग–9, लखनऊ।

3– अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन, कार्मिक अनुभाग–4, लखनऊ।

4– सचिव, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0, प्रयागराज।

5– मा0 अध्यक्ष/आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ0प्र0, लखनऊ के अवलोकनार्थ द्वारा निजी सचिव।

6– वरिष्ठ तकनीकी निदेशक (एन0आई0सी0) कम्पयूटर प्रकोष्ठ, राजस्व परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त आदेश की प्रति परिषद की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

7– चरित्र पंजी सहायक/गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

06/01/22

(अनिल कुमार यादव)
अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त,
कृते आयुक्त एवं सचिव।